# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

### जनवरी-मार्च, 2010 सत्र

**मंगलवार, दिनांक 12 जनवरी, 2010**

### तारांकित प्रश्नोत्तर

अहिवारा विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत नल जल योजना की स्वीकृति

1. (*क्र. 27) **श्री डोमन लाल कोर्सेवाड़ा** : क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) अहिवारा विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत कितनी नल जल योजना संचालित है ? कितनी निर्माणाधीन है ? कब तक संचालित की जावेगी? (ख) अहिवारा विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत वर्ष 2009-10 में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से कितनी नल जल योजना स्वीकृत की गयी ? कार्य का नाम लागत राशि सहित बतायें.

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री केदार कश्यप) : (क) 18 नल जल योजनाएं संचालित, 05 नल जल योजनाएं निर्माणाधीन, निश्चित अवधि बताना संभव नहीं. (ख) कोई योजना नहीं.

छत्तीसगढ़ में अटल ज्योति योजना की जानकारी

2. (*क्र. 59) **डॉ. हरिदास भारद्वाज** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छत्तीसगढ़ के कितने जिले में अटल ज्योति योजना संचालित हैं ? (ख) उक्त योजना के लिये क्या प्राथमिकताएं तय की गई हैं ? (ग) अटल ज्योति योजना अंतर्गत कितना कार्य 23 दिसम्बर, 2009 की स्थिति में पूर्ण कर लिया गया है ? जिलावार बतायें.

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) राज्य के 6 जिलों में अटल ज्योति योजना संचालित हैं. (ख) ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई पम्पों के विद्युत प्रदाय को रहवासी क्षेत्रों के विद्युत प्रदाय से अलग कर ग्रामों में रोशनी एवं कुटीर उद्योगों में विद्युत आपूर्ति की निरंतरता एवं गुणवत्ता बनाये रखना ही इस योजना की प्राथमिकता है. (ग) अटल ज्योति योजना अंतर्गत 23 दिसम्बर 2009 की स्थिति में पूर्ण किये गये कार्यों का जिलेवार विवरण * संलग्न परिशिष्ट में है.

शासकीय अनुदान प्राप्त इकाईयों से विद्युत उत्पादन हेतु अनुबंध

3. (*क्र. 76) **डॉ. (श्रीमती) रेणु जोगी** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दिनांक 24-12-09 की स्थिति में सरकारी अनुदान प्राप्त अन्य स्त्रोतों में बिजली बनाने वाली किन-किन इकाईयों से बिजली क्रय करने के अनुबंध किए गए हैं ? (ख) उक्त इकाईयों से वर्ष 2008 एवं वर्ष 2009 में कितनी-कितनी बिजली क्रय की गई तथा कितना भुगतान किया गया ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) 24-12-09 की स्थिति में सरकारी अनुदान प्राप्त अन्य स्त्रोतों से बिजली क्रय करने हेतु 20 विद्युत उत्पादक इकाईयों से अनुबंध किये गये हैं, विवरण ** संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शाया गया है. (ख) उक्त इकाईयों से वर्ष 2008 में 653.54 मिलियन यूनिट बिजली क्रय की गई जिसके विरुद्ध 202.69 करोड़ रुपये एवं वर्ष 2009 में 536.36 मिलियन यूनिट बिजली क्रय की गई है जिसके विरुद्ध 163.94 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है. इकाईवार विवरण ** संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शाया गया है.

* परिशिष्ट "एक" ** परिशिष्ट "दो"

## जिला जांजगीर-चांपा में कृषि विभाग द्वारा स्वीकृत पुल पुलियों की स्थिति

4. ( *क्र. 2) **महन्त रामसुन्दर दास :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला जांजगीर-चांपा में कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 के अंतर्गत कुल कितने पुल-पुलियों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई, विकासखण्डवार पृथक-पृथक बतायें ? (ख) उक्त अवधि में स्वीकृत कार्यों में से कितने पूर्ण हो चुके हैं, कितने अपूर्ण एवम् कितने कार्य प्रारंभ ही नहीं हो पाये हैं, पृथक-पृथक बतायें ?

**कृषि मंत्री ( श्री चन्द्रशेखर साहू ) :** (क) जिला जांजगीर-चांपा में प्रशासनिक विभाग कृषि के अधीन कार्यरत निगमित निकाय छ. ग. राज्य कृषि विपणन ( मण्डी) बोर्ड द्वारा वर्ष 2006-07 एवं वर्ष 2007-08 में स्वीकृत पुल-पुलियों का विवरण निम्नानुसार है :—

| वर्ष | विकासखंड का नाम | | | | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | डभरा | जैजेपुर | अकलतरा | बलौदा | बम्हनीडीह | सक्ती | मालखरौदा | |
| 2006-07 | 03 | 07 | - | - | - | - | - | 10 |
| 2007-08 | - | 03 | 07 | 01 | 04 | 10 | 01 | 26 |

(ख) उक्त अवधि में स्वीकृत कार्यों में से पूर्ण, अपूर्ण एवं प्रारंभ नहीं किये गये कार्यों का ब्यौरा निम्नानुसार है एवं विस्तृत जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है.

| वर्ष | विकासखण्ड का नाम | | स्वीकृत कार्यों की संख्या | भौतिक स्थिति ( संख्या) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | पूर्ण | अपूर्ण | प्रारंभ नहीं हुए कार्य की संख्या | रिमार्क |
| 2006-07 | डभरा | | 03 | 02 | 01 | - | - |
| | जैजेपुर | | 07 | 01 | - | - | (06 निरस्त) |
| | | **योग** | **10** | **0[illegible]** | **01** | - | **( 06 निरस्त )** |
| 2007-08 | अकलतरा | | 07 | 07 | - | - | - |
| | बलौदा | | 01 | 01 | - | - | - |
| | बम्हनीडीह | | 04 | 02 | - | - | (02 निरस्त) |
| | सक्ती | | 10 | 09 | - | - | (01 निरस्त) |
| | जैजेपुर | | 03 | 03 | - | - | - |
| | मालखरौदा | | 01 | 01 | - | - | - |
| | | **योग** | **26** | **23** | - | - | **( 03 निरस्त )** |

## बिजली मीटरों की खराबी की प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही

5. ( *क्र. 105) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या बिजली मीटरों की खराबी की शिकायतें रायपुर शहर के उपभोक्ताओं ने की है ? यदि हां, तो वर्ष 2008-09 एवं 31 दिसम्बर, 2009 तक प्राप्त शिकायतों का ब्यौरा दें ? (ख) बिजली मीटरों की सप्लाई के लिए किन-किन कंपनियों को अधिकृत किया गया था ? उनके नाम सहित उनके द्वारा सप्लाई की गई मीटरों की संख्या, मूल्य सहित बतावें ? (ग) कंडिका "ख" की कंपनियों में से खराब मीटर होने की सबसे अधिक शिकायतें किन कंपनियों को प्राप्त हुई और उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई ?

† परिशिष्ट "तीन"

**मुख्यमंत्री** ( डॉ. रमन सिंह ) : ( क ) जी हां, रायपुर शहर के उपभोक्ताओं से बिजली मीटरों की खराबी बाबत वर्ष 2008-09 में 807 एवं वर्ष 2009-2010 के 31 दिसम्बर, 2009 तक 839 शिकायतें प्राप्त हुई हैं. प्राप्त शिकायतों का ब्यौरा † संलग्न प्रपत्र "अ" में है. ( ख ) बिजली मीटरों की आपूर्ति के लिए जिन-जिन कंपनियों को क्रयादेश दिए गए थे उनके नाम, सप्लाई की गई मीटरों की संख्या तथा मूल्य सहित विवरण † संलग्न प्रपत्र "ब" में है. ( ग ) कंडिका "ख" में उल्लिखित कंपनियों में से मीटर खराब होने की सबसे अधिक शिकायतें मेसर्स एमको लिमिटेड, थाणे से संबंधित हैं. मीटरों में खराबी को दृष्टिगत रखते हुए नई निविदा क्रमांक 258 में यह शर्त शामिल की गई कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी को आपूर्ति किए गए मीटरों के परफार्मेंस, क्रयादेश देने का मुख्य आधार होगा, और खराब परफार्मेंस तथा कम गुणवत्ता वाले मीटरों की खरीदी नहीं की जाएगी. जिन कंपनियों ने पूर्व में वितरण कंपनी को मीटर आपूर्ति नहीं किए हैं, उन्हें प्रयोग के रूप में ट्रायल आर्डर दिया जाएगा. इन शर्तों के कारण मेसर्स एमको लिमिटेड ने स्वयं निविदा क्रमांक 258 में भाग नहीं लिया. मेसर्स एमको लिमिटेड, थाणे से प्राप्त सभी खराब मीटरों को नि:शुल्क बदलवाने की कार्यवाही की जा रही है.

गुण्डरदेही विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत वृहद पेयजल योजना की स्वीकृति

6. ( *क्र. 38 ) **श्री विरेन्द्र कुमार साहू** : क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या गुण्डरदेही विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत अर्जुन्दा में वृहद पेयजल योजना की स्वीकृति हो गई है ? यदि हां, तो कार्य कब प्रारंभ किया जावेगा ? यदि नहीं, तो कब तक स्वीकृति दी जावेगी ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** ( श्री केदार कश्यप ) : जी नहीं. निश्चित समयावधि बताना संभव नहीं है.

ट्रांसफार्मर खरीदी की जानकारी

7. ( *क्र. 44 ) **श्री नंदकुमार पटेल** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) वर्ष 2007-08, 2008-09 तथा 2009-10 में 25-12-2009 तक कुल कितनी-कितनी मात्रा में, कितनी-कितनी क्षमता के ट्रांसफार्मर किन-किन कंपनियों से खरीदे गए ? ( ख ) ट्रांसफार्मर खरीदी हेतु क्या टेंडर आमंत्रित किया गया था ? यदि हां, तो न्यूनतम दर कितनी-कितनी थी ? वर्षवार जानकारी दें. ( ग ) क्या न्यूनतम टेंडर दर से अधिक दर पर ट्रांसफार्मर की खरीदी की गई है ? यदि हां, तो क्यों ?

**मुख्यमंत्री** ( डॉ. रमन सिंह ) : ( क ) तत्कालीन छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल एवं पुनर्गठन उपरांत मंडल की उत्तरवर्ती कंपनियां छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी मर्यादित एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी मर्यादित द्वारा वर्ष 2007-08 में 9,879 नग, 2008-09 में 13,995 नग तथा 2009-10 ( 25-12-2009 तक ) में 12,197 नग विभिन्न क्षमता के ट्रांसफार्मर विभिन्न कंपनियों से खरीदे गए जिनका विस्तृत विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-I में दर्शित है. ( ख ) जी हां, ट्रांसफार्मर खरीदी हेतु टेंडर आमंत्रित किये गये थे. आमंत्रित टेंडरों में न्यूनतम दरों का विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-II में दर्शित है. ( ग ) जी हां, केवल निविदा क्रमांक 189 एवं 248 में न्यूनतम दरों से अधिक द्वितीय न्यूनतम दरों पर ट्रांसफार्मरों की खरीदी की गई है. निविदा क्रमांक 189 में मेसर्स प्राग इलेक्ट्रिकल्स गुवाहाटी द्वारा डाली गई न्यूनतम दरों पर स्वयं उनके द्वारा ट्रांसफार्मरों की आपूर्ति नहीं की गई. निविदा में चर्यानित अन्य किसी भी फर्म द्वारा मेसर्स प्राग इलेक्ट्रिकल्स गुवाहाटी के द्वारा प्रस्तावित न्यूनतम दरों पर आपूर्ति हेतु तैयार नहीं होने के कारण प्राप्त निविदा प्रस्तावों में सम्मिलित द्वितीय न्यूनतम दरों पर ट्रांसफार्मरों की खरीदी की गई. निविदा क्रमांक 248 के एवज में प्राप्त प्रस्तावों में सम्मिलित 09 फर्मों यथा मेसर्स आर्या इलेक्ट्रिकल्स, रायपुर, मेसर्स सोमानी इलेक्ट्रिकल्स प्राईवेट लिमिटेड, रायपुर, मेसर्स टेकमैग ट्रांसफार्मर प्राईवेट लिमिटेड रायपुर, मेसर्स श्री इंजीनियर्स कोरबा, मेसर्स दौसा ट्रांसफार्मर उद्योग जयपुर, मेसर्स फेयरडील ट्रांसफार्मर एवं स्वीचगेयर प्राईवेट लिमिटेड गुना, मेसर्स युनाईटेड इलेक्ट्रिकल्स एण्ड इंजीनियरिंग प्राईवेट लिमिटेड बेहरामपुर तथा मेसर्स ईस्ट इण्डिया उद्योग लिमिटेड, गाजियाबाद से प्राप्त प्रस्ताव को इस आधार पर नहीं खोला गया था, कि इन फर्मों के द्वारा पूर्व में तत्कालीन विद्युत मण्डल को निम्न गुणवत्ता के ट्रांसफार्मर प्रदाय करने के कारण आगामी एक निविदा में प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया गया था. लेकिन इन फर्मों में से 05 फर्मों द्वारा माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में पृथक-पृथक 05 याचिकाएं प्रस्तुत कर इन कंपनियों को प्रतिबंधित किये जाने के निर्णय पर माननीय न्यायालय से हस्तक्षेप चाहा गया. माननीय उच्च न्यायालय द्वारा सभी याचिकाओं पर संयुक्त रूप से सुनवाई उपरांत दिनांक 31-08-2009 को पारित आदेश के पालन में इन सभी फर्मों के प्रस्ताव स्वीकार कर खोले गये. तद्नुसार मेसर्स सोमानी इलेक्ट्रिकल्स से प्राप्त न्यूनतम दर पर उक्त कंपनी को क्रय आदेश इस आधार पर नहीं दिया गया कि इस फर्म के द्वारा पूर्व अन्य निविदा के अंतर्गत प्रदायित ट्रांसफार्मर निम्न गुणवत्ता के रहने के कारण निविदा के शर्तों के अधीन कंपनी को आदेश नहीं दिया जा सकता. तद्नुसार इस निविदा प्रस्तावों के एवज में प्राप्त न्यूनतम दर पर ट्रांसफार्मर की सप्लाई हेतु अन्य चर्यानित फर्मों से सहमति चाही गई, लेकिन सभी फर्मों द्वारा उस दर पर सप्लाई हेतु असहमति दर्शाने के कारण प्रचलित नियमों के अनुसरण में दूसरे न्यूनतम दर पर फर्मों से सहमति प्राप्त होने पर नियमानुसार सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन प्राप्त कर क्रय आदेश जारी किये गये.

† परिशिष्ट "चार"

## कोल वाशरी में कोयले की प्राप्ति एवं प्रेषण

8. (*क्र. 39) **श्री मोहम्मद अकबर :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राज्य में कुल कितनी कोल वाशरी कहां-कहां, किन-किन नामों से कितनी-कितनी क्षमता की किनके-किनके द्वारा संचालित हैं ? (ख) छ. ग. खनिज (खनन, परिवहन, भण्डारण) नियम, 2009 के नियम 13 (दो) प्रारूप 9 (क) (2) के अनुसार उक्त कोल वाशरियों में कोल वाशरीवार माह अगस्त, 2009 से दिसम्बर, 2009 तक माहवार, कोयले की प्राप्ति एवं प्रेषण का विवरण क्या हैं ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) जानकारी पुस्तकालय परिशिष्ट "एक" पर दर्शित है. (ख) जानकारी पुस्तकालय परिशिष्ट "दो" पर दर्शित है.

## विधान सभा क्षेत्र कसडोल अंतर्गत अतिरिक्त ट्रांसफार्मर तथा विद्युत सब स्टेशन की स्वीकृति

9. (*क्र. 25) **श्री राजकमल सिंघानिया :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2009-10 में कसडोल विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत विकासखण्ड कसडोल, विकासखण्ड बलौदाबाजार के आर. आई. सर्किल लवन एवं विकासखण्ड पलारी के किन-किन गांवों में लो-वोल्टेज की समस्या के निराकरण के लिए कहां-कहां अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की स्वीकृति किस-किस तारीख में की गई है? क्या वर्तमान में सभी अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लग गए हैं ? यदि नहीं, तो कब तक लग जायेंगे ? गांव सहित जानकारी देवें ? (ख) क्या विकासखण्ड मुख्यालय कसडोल के 132 के. व्ही. के नए सबस्टेशन की स्वीकृति हुई है ? क्या सबस्टेशन निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है ? यदि नहीं हुआ तो कब तक प्रारंभ होगा ? (ग) क्या वित्तीय वर्ष 2008-09, में कसडोल के परसदा 33 के. व्ही. के विद्युत सब-स्टेशन के कार्य में घटिया ट्रांसफार्मर व अन्य सामग्री के उपयोग पर जांच तथा कसडोल से अर्जुनी तक लगे करीब 150 विद्युत खंभों के विद्युतीकरण कार्य में घटिया सामग्री के उपयोग की कोई शिकायत की गई है ? यदि हां, तो क्या उक्त शिकायत पर जांच की गई है ? यदि जांच की गई है तो, किस अधिकारी/कर्मचारी पर क्या कार्यवाही की गई है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) वर्ष 2009-10 में दिनांक 31-12-2009 तक कसडोल विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत विकासखण्ड कसडोल में निरंक, विकासखण्ड बलौदाबाजार के आर. आई. सर्किल लवन में 02 एवं विकासखण्ड पलारी में 08 अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्वीकृत किये गये हैं, जिनकी ग्रामवार, स्वीकृति की तिथि एवं उनके कार्यों की स्थिति की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में है. उक्त 10 में से एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की स्थापना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष 09 के कार्य मार्च 2010 तक पूर्ण करने के प्रयास किये जा रहे हैं. (ख) विकासखण्ड मुख्यालय कसडोल में 132/33 के. व्ही. के नये उपकेन्द्र का निर्माण 11वीं पंचवर्षीय योजना (2007-12) के वर्ष 2010-11 एवं वर्ष 2011-12 की व्यवसायिक योजना में प्रस्तावित किया गया है. उपकेन्द्र के निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है. (ग) जी हां, प्रश्नांश में घटिया ट्रांसफार्मर व अन्य सामग्रियों के उपयोग के मामले में प्राप्त शिकायत की जांच की गई, जांच में 33/11 के. व्ही. उपकेन्द्र परसदा एवं संबंधित 33 के. व्ही. लाईन के कार्यों में प्रयुक्त सभी सामग्रियां घटिया नहीं पाई गई एवं कार्य निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप होने के कारण परसदा स्थित उपकेन्द्र को मार्च 2009 में क्रियाशील किया गया. माह जुलाई 2009 में अत्यधिक आकाशीय बिजली, आंधी तूफान के साथ वर्षा के कारण उक्त उपकेन्द्र से सम्बद्ध लाईन के कुछ इंसुलेटर प्राकृतिक आपदा में खराब हो गये थे जिन्हें बदलवाने के बाद इस लाईन में कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं हुआ. अतः प्राकृतिक आपदा के कारण उत्पन्न हुए व्यवधान के लिये कोई अधिकारी/कर्मचारी जिम्मेदार नहीं है अतः कार्यवाही नहीं की गई. प्रश्नांश में 150 विद्युत खंभों का विद्युतीकरण कार्य घटिया सामग्रियों के होने के संबंध में सम्मिलित शिकायत की भी जांच की गई. जांच में अर्जुनी एवं परसदा ग्राम के समीप उपयोग में लाये गये खंभों में प्रयुक्त सामग्रियों में कोई त्रुटि नहीं मिली है. केवल कहीं-कहीं अत्यधिक वर्षा के कारण मेढ़ के ढह जाने के कारण खंभे गिर गये थे जिन्हें बाद में व्यवस्थित कर लाईन को चालू कर दिया गया है. अतः प्रश्नांश में सम्मिलित दोनों शिकायतों जांच में सम्मिलित आरोप सही नहीं है.

## प्रदेश के हीरा भण्डारों में अवैध उत्खनन

10. (*क्र. 83) **श्री अजीत प्रमोद कुमार जोगी :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश के किन-किन जिलों के किन-किन क्षेत्रों को हीरे (किम्बरलाईट) की उपलब्धता हेतु चिन्हित किया गया है ? क्या यह सही है कि रायपुर जिले के गरियाबंद (पायलीखण्ड) क्षेत्र में किम्बरलाईट (हीरा) पाये जाने की पुष्टि हुई है ? (ख) यदि हां, तो क्या उक्त भण्डार को सुरक्षित रखने की दिशा में सरकार ने कोई प्रयास किया है ? क्या उक्त सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण (मॉनिटरिंग) लगातार किया जा रहा है? विगत दो वर्षों में किन-किन अधिकारियों ने कब-कब निरीक्षण किया ? (ग) उक्त क्षेत्र (पायलीखण्ड) में 01 अप्रैल, 2007 से 01 नवम्बर, 2009 तक अवैध उत्खनन की कितनी शिकायतें कब-कब प्राप्त हुयी तथा उन पर क्या कार्यवाही की गई है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) जानकारी पुस्तकालय परिशिष्ट "एक" पर दर्शित है. (ख) जानकारी पुस्तकालय परिशिष्ट "दो" पर दर्शित है. (ग) जानकारी पुस्तकालय परिशिष्ट "तीन" एवं "चार" पर दर्शित है.

† परिशिष्ट "पांच"

अहिवारा विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत मोहल्लों, मजराटोलों का विद्युतीकरण

11. ( *क्र. 28) **श्री डोमन लाल कोर्सेवाड़ा :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) अहिवारा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कितने ग्राम एवं मजराटोला, मोहल्ला में विद्युतीकरण नहीं हुआ है? (ख) वर्ष 2009-10 में राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के तहत स्वीकृत सघन विद्युतीकरण कितने ग्रामों, टोलों, मोहल्लों में पूर्ण किया जा चुका है ? अपूर्ण योजना कब तक पूर्ण कर ली जायेगी ?

**मुख्यमंत्री** ( डॉ. रमन सिंह ) : (क) अहिवारा विधान सभा क्षेत्र के सभी 75 ग्रामों के विद्युतीकरण किये जा चुके हैं. सन् 2001 की जनगणना में ग्रामों के मजरा/टोलों एवं मोहल्लों का अलग से उल्लेख नहीं है. (ख) वर्ष 2009-10 में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत अहिवारा विधान सभा क्षेत्र के 15 ग्रामों का सघन विद्युतीकरण पूर्ण किया जा चुका है. उक्त योजना में शामिल विद्युतीकरण के कार्यों को मार्च 2010 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है.

जैजैपुर विधान सभा क्षेत्र में ट्रांसफार्मरों की स्थिति

12. ( *क्र. 01) **महन्त रामसुन्दर दास :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जैजैपुर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत दिनांक 01-01-2009 से दिनांक 20-12-2009 की स्थिति में कुल कितने ट्रांसफार्मर कब से बिगड़े पड़े हैं ? (ख) क्या जैजैपुर विधान सभा क्षेत्र के उक्त बिगड़े ट्रांसफार्मरों के स्थान पर कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई ?

**मुख्यमंत्री** ( डॉ. रमन सिंह ) : (क) जैजैपुर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत दिनांक 01-01-09 से दिनांक 20-12-09 की स्थिति में 178 बिगड़े थे. उक्त 178 बिगड़े ट्रांसफार्मरों से 163 ट्रांसफार्मरों को दिनांक 20-12-09 के पूर्व बदल दिया गया है. शेष 15 में से 13 ट्रांसफार्मरों को दिनांक 20-12-09 के पश्चात बदल दिया गया है. (ख) जैजैपुर विधान सभा क्षेत्र में बदलने हेतु शेष 02 बिगड़े ट्रांसफार्मरों के स्थान पर वैकल्पिक व्यवस्था कर ग्राम सेमरिया व ग्राम रोहदा में विद्युत आपूर्ति सामान्य कर दी गई है.

स्वयं के उपयोग हेतु आवंटित कोयले की खदानें

13. ( *क्र. 40) **श्री मोहम्मद अकबर :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में स्वयं के उपयोग हेतु आवंटित किनको-किनको कोयले की खदानें कितने-कितने क्षेत्र में कहां-कहां संचालित हैं ? (ख) उक्त खदानों से अलग-अलग वर्ष 2008 एवं 2009 में माहवार कितना-कितना कोयला किन-किन संयंत्रों में किन-किन निर्धारित मार्गों एवं माध्यम से परिवहन कर भेजा गया है ?

**मुख्यमंत्री** ( डॉ. रमन सिंह ) : (क) जानकारी ? संलग्न प्रपत्र "अ" पर दर्शित है. (ख) जानकारी ? संलग्न प्रपत्र "ब" पर दर्शित है.

मंत्री एवं अधिकारियों की विदेश यात्राओं पर व्यय

14. ( *क्र. 84) **श्री अजीत प्रमोद कुमार जोगी :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 1 अप्रैल, 2008 से 1 दिसम्बर 2009 तक की अवधि में राज्य शासन के कितने मंत्री एवं अधिकारी कितनी अवधि के लिये और किन-किन देशों की विदेश यात्रा पर गये थे ? विभागवार नाम सहित जानकारी देवें ? (ख) अधिकारियों की विदेश यात्राओं में कितना व्यय किया गया ?

**मुख्यमंत्री** ( डॉ. रमन सिंह ) : (क) एवं (ख) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

-------------

? परिशिष्ट "छः"

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 02 (क्र. 59) के भाग (ग) की जानकारी ]

**अटल ज्योति योजना के अंतर्गत 23 दिसम्बर 2009 की स्थिति में पूर्ण किये गये कार्यों की जिलेवार जानकारी**

| क्र. | जिला | 23-12-2009 की स्थिति में पूर्ण किये गये कार्य | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 11 के. व्ही. लाईन (कि. मी.) | 11 के. व्ही. बे | निम्नदाब लाईन (कि. मी.) | वितरण ट्रांसफार्मरों की संख्या |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | रायपुर | 299.00 | 12 | 49.45 | 137 |
| 2. | धमतरी | 667.36 | 14 | 224.79 | 421 |
| 3. | दुर्ग | 1255.00 | 40 | 402.00 | 695 |
| 4. | बिलासपुर | 41.20 | - | 19.84 | 31 |
| 5. | जांजगीर-चांपा | 14.10 | - | 2.5 | 10 |
| 6. | कबीरधाम | 12.00 | - | 0.60 | 6 |
| | **योग** | **2288.66** | **66** | **699.18** | **1300** |

## परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 03 (क्र. 76) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

### प्रपत्र-"अ"

### सरकारी अनुदान प्राप्त अन्य स्रोतों से विद्युत क्रय हेतु किये गये अनुबंध का विवरण

| क्रमांक (1) | स्रोत (2) | अनुबंध की तिथि (3) |
|---|---|---|
| 1. | मे. रूक्मणी पॉवर एण्ड स्टील लिमिटेड, रायगढ़ | 05-04-2006 |
| 2. | " नीरज पॉवर प्रा. लिमिटेड, रायपुर | 07-04-2006 |
| 3. | " शिवालिक पॉवर एण्ड स्टील लिमिटेड, महासमुंद | 12-05-2006 |
| 4. | " अग्रवाल विद्युत लिमिटेड, नेवरा | 17-05-2006 |
| 5. | " के. व्ही. के. बायो इनर्जी लिमिटेड, अकलतरा | 16-10-2006 |
| 6. | " सुधा एग्रो आईल एण्ड केमिकल इण्डस्ट्री लिमिटेड, बिलासपुर | 17-10-2006 |
| 7. | " ईशा पॉवर लिमिटेड, धमतरी | 04-11-2006 |
| 8. | " इकोफ्रेन प्रा. लिमिटेड, दुर्ग | 04-11-2006 |
| 9. | " एन. आर. आई. पॉवर एण्ड स्टील लिमिटेड, बिलासपुर | 03-02-2007 |
| 10. | " साउथ एशियन एग्रो इण्डस्ट्री लिमिटेड, रायपुर | 23-11-2006 |
| 11. | " बजरंग पॉवर एण्ड इस्पात लिमिटेड, रायपुर | 04-05-2006 |
| 12. | " रायपति पॉवर जनरेशन प्रा. लिमिटेड, राजनांदगांव | 03-10-2006 |
| 13. | " कालिन्दी पॉवर एण्ड स्टील लिमिटेड, रायपुर | 05-09-2007 |
| 14. | " चिन्द आयरन एण्ड स्टील लिमिटेड, रायपुर | 18-08-2006 |
| 15. | " वंदना विद्युत लिमिटेड, जिला-बिलासपुर | 02-09-2000 |
| 16. | " सांईकृपा बायोटेक प्रा. लिमिटेड, कोरबा | 13-09-2007 |
| 17. | " श्रीपुर पॉवर एण्ड स्टील लिमिटेड, महासमुंद | 23-07-2007 |
| 18. | " श्याम वेयर हाउसिंग एण्ड पॉवर लिमिटेड, जांजगीर | 19-12-2007 |
| 19. | " सांई केमिकल्स प्रा. लिमिटेड, जिला-राजनांदगांव | 07-05-2008 |
| 20. | " लहरी पॉवर एण्ड स्टील लिमिटेड, मढ़वा | 20-07-2006 |

प्रपत्र "ब"

**सरकारी अनुदान प्राप्त अन्य स्रोतों से वर्ष 2008 एवं वर्ष 2009 में क्रय की गई बिजली की मात्रा एवं किये गये भुगतान का विवरण**

| क्रमांक | इकाई का नाम | वर्ष 2008 यूनिट (मिलियन में) | वर्ष 2008 भुगतान (करोड़ रु. में) | वर्ष 2009 यूनिट (मिलियन में) | वर्ष 2009 भुगतान (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | मे. रूक्मणी पॉवर एण्ड स्टील लिमिटेड | 48.01 | 15.22 | 50.65 | 15.76 |
| 2. | " नीरज पॉवर प्रा. लिमिटेड, रायपुर | 77.21 | 16.55 | 37.65 | 11.23 |
| 3. | " शिवालिक पॉवर एण्ड स्टील लिमिटेड, महासमुंद | 51.80 | 17.31 | 14.37 | 3.20 |
| 4. | " अग्रवाल विद्युत लिमिटेड, नेवरा | 42.48 | 16.03 | 38.78 | 12.42 |
| 5. | " के. व्ही. के. बायो इनर्जी लिमिटेड, अकलतरा | 80.11 | 25.90 | 54.69 | 15.11 |
| 6. | " सुधा एग्रो आईल एण्ड केमिकल इण्डस्ट्री लिमिटेड, बिलासपुर | 73.70 | 25.88 | 50.42 | 16.06 |
| 7. | " ईसा पॉवर लिमिटेड, धमतरी | 44.94 | 15.64 | 42.37 | 13.64 |
| 8. | " इकोफ्रेन प्रा. लिमिटेड, दुर्ग | 59.03 | 16.87 | 42.90 | 13.39 |
| 9. | " एन. आर. आई. पॉवर एण्ड स्टील लिमिटेड, बिलासपुर | 43.68 | 14.76 | 37.44 | 11.32 |
| 10. | " साउथ एशियन एग्रो इण्डस्ट्री लिमिटेड, कोरबा | 0.06 | 0.01 | 40.42 | 12.89 |
| 11. | " रायपति पॉवर जनरेशन प्रा. लिमिटेड, जिला-राजनांदगांव | 48.31 | 14.90 | 21.76 | 6.78 |
| 12. | " कालिन्दी पॉवर एण्ड स्टील लिमिटेड, रायपुर | 64.88 | 18.30 | 38.85 | 12.21 |
| 13. | " वंदना विद्युत लिमिटेड, जिला-बिलासपुर | 0.00 | 0.00 | 2.41 | 0.54 |
| 14. | " सांई केमिकल्स प्रा. लिमिटेड, जिला-राजनांदगांव | 3.25 | 1.02 | 20.00 | 5.73 |
| 15. | " लहरी पॉवर एण्ड स्टील लिमिटेड | 16.08 | 4.30 | 43.65 | 13.66 |
| 16. | " बजरंग पॉवर एण्ड इस्पात लिमिटेड, रायपुर | निरंक | 0.00 | निरंक | 0.00 |
| 17. | " चिन्द आयरन एण्ड स्टील लिमिटेड, रायपुर | निरंक | 0.00 | निरंक | 0.00 |
| 18. | सांईकृपा बायोटेक प्रा. लिमिटेड, कोरबा | निरंक | 0.00 | निरंक | 0.00 |
| 19. | " श्रीपुर पॉवर एण्ड स्टील लिमिटेड, महासमुंद | निरंक | 0.00 | निरंक | 0.00 |
| 20. | " श्याम वेयर हाउसिंग एण्ड पॉवर लिमिटेड, जांजगीर | निरंक | 0.00 | निरंक | 0.00 |
| | **योग** | **653.54** | **202.69** | **536.36** | **163.94** |

## परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 04 (क्र. 02) के भाग (ख) की जानकारी ]

| वर्ष | विकासखंड का नाम | क्र. | स्वीकृत कार्यों के नाम | भौतिक स्थिति | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 2006-07 | डभरा | 1 | ग्राम सिंघीतराई से बेनीपाली के मध्य पुलिया निर्माण. | पूर्ण | |
| | | 2 | ग्राम टुन्ड्री से खैरमुड़ा के मध्य पुलिया निर्माण | पूर्ण | |
| | | 3 | ग्राम तेंदुमुड़ी से बिलाईगढ़ के मध्य पुलिया निर्माण | पियर्स लेवल तक पूर्ण | कार्य अधूरा छोड़ने के कारण 15-01-08 द्वारा निविदा निरस्त किया गया. |
| | जैजैपुर | 1 | ग्राम भोथिया से जाटापारा के मध्य पाईप पुलिया 06 रो | पूर्ण | |
| | | 2 | पाईप पुलिया 01 रो | | |
| | | 3 | ग्राम बैहागुराई से टूमीडीह के मध्य पाईप पुलिया 01 रो | | |
| | | 4 | ग्राम भाठापारा (हसौद) से बस्ती तक 02 नग पाईप पुलिया 01 रो (भाठापारा) हसौद. | पहुंच मार्ग के लिये शास. भूमि नहीं होने के कारण कार्य सरल क्र. 02 से 07 निरस्त. | इसके स्थान पर दि. 13-05-08 को कार्य भोथिया से आदिवासी मोहल्ला में पुलिया निर्माण रु. 18.43 लाख स्वीकृत जो पूर्ण है. |
| | | 5 | ग्राम सेन्दरी से सोननाला पाईप पुलिया | | |
| | | 6 | ग्राम गुजियाबोर से सोननाला 02 नग पाईप पुलिया | | |
| | | 7 | ग्राम काशीगढ़ से बावनखुड़ी 02 नग पाईप पुलिया | | |
| 2007-08 | अकलतरा | 1 | ग्राम परसाहीयाना से डोरला मार्ग में 1000 एम. एम. का कल्वर्ट. | पूर्ण | |
| | | 2 | ग्राम वाना से कटघरी मार्ग में 1000 एम. एम. का कल्वर्ट. | पूर्ण | |
| | | 3 | ग्राम पंगोरी से धनपुर मार्ग में 1000 एम. एम. का कल्वर्ट. | पूर्ण | |
| | | 4 | ग्राम सोनडीह से अमलीपाली के मध्य 1000 एम. एम. का कल्वर्ट. | पूर्ण | |
| | | 5.1 | ग्राम झिरिया से मधुवा के मध्य 1000 एम. एम. 04 रो की पुलिया. | पूर्ण | |
| | | 5.2 | 02 रो की पुलिया | पूर्ण | |
| | | 5.3 | 01 रो की पुलिया | पूर्ण | |
| | बलौदा | 1 | ग्राम सेंदरी से पुटिया मार्ग पर 03 नग पुलिया निर्माण | पूर्ण | |
| | बम्हनीडीह | 1 | ग्राम अमोरा से किसौरा मुढ़पार मार्ग में 1200 एम. एम. पुलिया निर्माण. | पूर्ण | |
| | | 2 | ग्राम पैसमुंदी से बुढ़ैना के मध्य कोकड़ी नाले में पुलिया निर्माण. | पूर्ण | |
| | | 3 | ग्राम भौरेली से मोहगांव के मध्य 1000 एम. एम. 03 रो | निरस्त | दिनांक 21-11-08 को निरस्त किया गया. |
| | | 4 | ग्राम भौरेली से मोहगांव के मध्य 1000 एम. एम. 01 रो | | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2007-08 | सक्ती | 1 | ग्राम पुटिकेला से ग्राम घोघरा के मध्य घोघरा नाला में पुल निर्माण. | पूर्ण | |
| | | 2.1 | आमापाली से भेड़ापाली के मध्य पुल निर्माण | पूर्ण | |
| | | 2.2 | आमापाली से भेड़ापाली के मध्य पाईप पुलिया 1000 एम. एम. व्यास 04 रो | पूर्ण | |
| | | 3 | केरीबांधा से संजय नगर के मध्य पुल निर्माण | पूर्ण | |
| | | 5 | ग्राम असौदा से उराव मोहल्ला के मध्य दमउ नाले पर स्लेब कल्वर्ट के साथ एप्रोच रोड निर्माण. | निरस्त | निर्धारित स्थल पर ग्रामीणों द्वारा विरोध के कारण कार्य संपन्न नहीं कराया गया. |
| | | 6 | ग्राम सरवानी से लंहगा के मध्य सरवानी नाला में स्लेब कल्वर्ट निर्माण. | पूर्ण | |
| | | 7 | ग्राम पसीद के किरारी के मध्य उभाड़ नाले में स्लेब कल्वर्ट निर्माण. | पूर्ण | |
| | | 8 | ग्राम असौदा से उराव मोहल्ला के मध्य दमउ नाले पर स्लेब कल्वर्ट. | पूर्ण | |
| | | 9 | बोराई नदी पर ग्राम नंदेली से हरदा मार्ग पर पुलिया निर्माण. | पूर्ण | |
| | | 10 | (स) ग्राम मल्दी से परसदाकला (सालाडेरा) के मध्य उभाड़नाला पर पुल निर्माण. | पूर्ण | |
| | जैजेपुर | 1 | ग्राम चर्रा से बिछिया विकासखंड जैजेपुर में पुल निर्माण | पूर्ण | |
| | | 2.1 | जिला जांजगीर-चांपा के अंतर्गत विकासखंड सक्ती अधीन ग्राम पंचायत बेल्डाडीह से जैजेपुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम छीता पढ़रिया के मध्य.<br>(अ) बड़ा नाला (1200 एम. एम. 04 रो ) | पूर्ण | |
| | | 2.2 | (ब) छोटा नाला (1000 एम. एम. 04 रो) | | |
| | मालखरौदा | 1 | ग्राम देवगांव से रनपोटा पाट विकासखंड मालखरौदा में पुलिया निर्माण (बाक्स कल्वर्ट) | पूर्ण | |

## परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 05 (क्र. 105) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

### रायपुर शहर के उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों का विवरण

| क्र. | नगर संभाग का नाम | दिनांक 01-04-08 से 31-03-09 तक | दिनांक 01-04-09 से 31-12-09 तक | कुल योग |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | नगर संभाग पूर्व | 235 | 212 | 447 |
| 2. | नगर संभाग पश्चिम | 271 | 214 | 485 |
| 3. | नगर संभाग उत्तर | 301 | 413 | 714 |
| 4. | (संचा./संधा.) संभाग, उरला | 0 | 0 | 0 |
| | कुल | 807 | 839 | 1646 |

प्रपत्र "ब"

## विद्युत मीटरों की आपूर्ति हेतु जारी किये गए आदेशों का विवरण

| क्र. (1) | फर्म का नाम मेसर्स (2) | निविदा क्रमांक (3) | आदेश क्रमांक/दिनांक (4) | मीटर का प्रकार व क्षमता (5) | मीटर की संख्या (6) | आदेश की कुल राशि सभी करो सहित रुपये में (एन्ट्री टेक्स को छोड़कर) (7) | आदेश की कुल राशि (8) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एवन मीटर, डेराबासी (चंडीगढ़) | 30 | 477/13-02-03 | थ्री फेस 4 वायर मीटर 10-40 एम्पीयर | 30500 | 1188.00 | 36234000.00 |
| | | | | **योग** | **30500** | | **36234000.00** |
| 1. | बी. एच. ई. एल., रायपुर | 89 | 1123/05-07-05 | सिंगल फेस 2 वायर इलेक्ट्रानिक्स मीटर 5-30 एम्पीयर | 120000 | 748.00 | 89760000.00 |
| | | | | **योग** | **120000** | | **89760000.00** |
| 1. | सी. जी. स्लम्बरगर, गुरगांव. | एम. पी. ई. बी. का टेण्डर | 74/28-03-01(एम. पी. ई. बी. का विस्तार आदेश) | हाई प्रिसीजन सिंगल फेस 2 वायर इलेक्ट्रानिक्स मीटर 5-20 एम्पीयर | 29430 | 1127.54 | 33183502.20 |
| | | | | **योग** | **29430** | | **33183502.20** |
| 1. | ड्यूक आर्निक्स, हैदराबाद | एम. पी. ई. बी. का टेण्डर | 880/30-06-01(एम. पी. ई. बी. का विस्तार आदेश) | एच. टी. ट्रायवेक्टर थ्री फेस मीटर | 198 | 14276.95 | 2826836.10 |
| | | | | **योग** | **198** | | **2826836.10** |
| 1. | इलेक्ट्रॉन एनर्जी इक्युपमेंट, गौतमबुद्ध नगर | 30 | 489/07-03-03 | सिंगल फेस 2 वायर इलेक्ट्रानिक्स मीटर 5-30 एम्पीयर. | 60000 | 499.50 | 29970000.00 |
| | | | | **योग** | **60000** | | **29970000.00** |
